पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल को संतों के प्रतिनिधि मण्डल ने कैराना की रिपोर्ट सौंपी</u>

लखनऊः 24 जून, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को आज राजभवन में कल्कि पीठाधिश्वर के आचार्य प्रमोद कृष्णम के नेतृत्व में संतों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट करके कैराना जांच प्रकरण पर अपनी रिपोर्ट सौंपी। प्रतिनिधि मण्डल में हिन्दू महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि, महामंडलेश्वर स्वामी देवेन्द्रानन्द गिरि, स्वामी कल्याण देव व स्वामी चिन्मयानन्द भी थे।

राज्यपाल को प्रतिनिधि मण्डल ने रिपोर्ट पर जानकारी दी। चर्चा के दौरान राज्यपाल ने प्रतिनिधि मण्डल को बताया कि आज के समाचार पत्रों के माध्यम से रिपोर्ट के अंश उन्होंने भी देखे हैं जिस पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि उन्होंने कल रिपोर्ट मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को सौंपी थी, परन्तु मीडिया से रिपोर्ट साझा नहीं किया था। राज्यपाल को प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि उन्होंने कैराना के लोगों से मिलकर जानकारी प्राप्त करके रिपोर्ट तैयार की है। राज्यपाल ने प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों से यह भी जानने की कोशिश की कि क्या रिपोर्ट में विभिन्न राजनैतिक दलों और जनप्रतिनिधियों का पक्ष जानने की कोशिश की गई है जिस पर प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि उन्होंने किसी भी जनप्रतिनिधि मण्डल से न तो भेंट की और न ही उनसे प्रकरण के बारे में कोई जानकारी प्राप्त की है।

अंजुम/ललित/राजभवन (221/24)